**हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई में जन जागरूकता सबसे प्रभावी हथियार है : लोक सभा अध्यक्ष**

**...**

**जनप्रतिनिधि हेपेटाइटिस के बारे में आम जनता को जागरूक बना सकते हैं : श्री बिरला**

**...**

**सामूहिक प्रयासों और जन जागृति से विश्व में हेपेटाइटिस को समाप्त किया जा सकता है : श्री बिरला**

**...**

**भारत सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है : लोक सभा अध्यक्ष**

**...**

**लोक सभा अध्यक्ष ने 'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' के अवसर पर संसदीय सौध में सेमिनार का उदघाटन किया**

**...**

**सभी रोगों से लड़ने के लिए फ़िटनेस आवश्यक है और फिट इंडिया अभियान रोग और पीड़ा से मुक्त स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में उठाया गया कदम है : श्री किरेन रिजीजू**

**...**

**जन प्रतिनिधियों और मीडिया की सहायता से सरकार हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई जीत लेगी: स्वास्थ्य मंत्री**

**...**

**राज्य सभा के उप सभापति ने हेपेटाइटिस  के विरुद्ध लड़ाई में मजबूत कानूनी ढांचे और वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता पर बल दिया**

**नई दिल्ली, 28 जुलाई, 2021:** लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर संसद भवन परिसर में आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता की। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री, श्री किरेन रिजीजू; केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, श्री मनसुख मांडविया; राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश; संसद सदस्य; विधान सभाओं और परिषदों के सदस्य; नोबल पुरस्कार से सम्मानित श्री माइकल हाउटन; विश्व स्वास्थ्य संगठन- दक्षिण पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. पूनम खेत्रपाल और लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार  सिंह सेमिनार में शामिल हुए।

इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि हेपेटाइटिस हम सब के लिए गंभीर चिंता का विषय है और इस रोग को समाप्त करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है।

श्री बिरला ने इस बात पर बल दिया कि पंचायत से लेकर संसद तक की सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं के जनप्रतिनिधि आम जनता में जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इससे न केवल हेपेटाइटिस बल्कि अन्य रोगों को समाप्त करने में भी मदद मिलेगी। श्री बिरला ने यह भी कहा कि लोगों को शिक्षित करके हेपेटाइटिस के बारे में अज्ञानता को दूर किया जा सकता है।

कोविड महामारी के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने ने इस महामारी के दौरान लोगों को जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान किया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि परिस्थितियां भले ही कितनी कठिन हों परंतु सामूहिक प्रयासों से भारत ऐसी सभी चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम है। अध्यक्ष महोदय ने इस बात पर बल दिया कि हेपेटाइटिस के मामले में भी ऐसी ही जन जागरूकता विकसित करने और इस दिशा में सभी संभव प्रयास करने की आवश्यकता है।

इस संबंध में सदस्यों के क्षमता निर्माण के बारे में बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि विधि निर्माताओं को विश्व स्तर पर विशेषज्ञों के साथ निरंतर संपर्क में रहना चाहिए और सर्वोत्तम पद्धतियों का आदान-प्रदान करना चाहिए। श्री बिरला ने सतत विकास लक्ष्यों के तहत वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस को समाप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

लोक सभा अक्ष्यक्ष ने यह जानकारी भी दी कि संसद भवन परिसर में संसद सदस्यों की हेपेटाइटिस संबंधी जांच के लिए एक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## सभी रोगों से लड़ने के लिए फ़िटनेस आवश्यक है और फिट इंडिया अभियान रोग और पीड़ा से मुक्त स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में उठाया गया कदम है : श्री किरेन रिजीजू

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री, श्री किरेन रिजीजू ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो सरकार जनजागरूकता अभियान के माध्यम से हेपेटाइटिस के उन्मूलन के लिए कानून ला सकती है। श्री रिजीजू ने यह भी कहा कि सभी रोगों से लड़ने के लिए फ़िटनेस आवश्यक है और फिट इंडिया अभियान रोग और पीड़ा से मुक्त स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने इस घातक रोग के विरुद्ध लड़ाई में सभी सांसदों और विधायकों से अपना सहयोग देने का आग्रह किया।

## जन प्रतिनिधियों और मीडिया की सहायता से सरकार हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई जीत लेगी: स्वास्थ्य मंत्री

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, श्री मनसुख मांडविया ने विश्व से हेपेटाइटिस को समाप्त करने की निवारक रणनीतियों के बारे में बताया। मंत्री जी ने कहा कि स्वास्थ्य विकास से जुड़ा है और बेहतर साफ-सफाई और सुरक्षित पेय जल हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई में महत्वपूर्ण साधन हैं। श्री मांडविया ने जनप्रतिनिधियों और मीडिया से इस रोग के बारे में जनजागरूकता विकसित करने का अनुरोध किया। स्वास्थ्य मंत्री जी ने कहा कि जन प्रतिनिधियों और मीडिया की सहायता से सरकार हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई जीत लेगी।

## राज्य सभा के उप सभापति ने हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई में मजबूत कानूनी ढांचे और वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता पर बल दिया

राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश ने कहा हेपेटाइटिस विश्व के समक्ष एक नई चुनौती के रूप में उभरा है। श्री हरिवंश ने हेपेटाइटिस को समाप्त करने के लिए प्रयास कर रहे चिकित्सकों की सहायता के लिए मजबूत कानूनी ढांचे और वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता पर बल दिया। श्री हरिवंश ने हेपेटाइटिस के विरूद्ध लड़ाई में विधि निर्माताओं की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि वे इस मुद्दे पर आम लोगों में जागरूकता विकसित करें।

## लोक सभा अध्यक्ष ने डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव और एएआई के पूर्व अध्यक्ष, श्री गुरूप्रसाद महापात्रा को मरणोपरांत सम्मानित किया।

इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव और एएआई के पूर्व अध्यक्ष, श्री गुरूप्रसाद महापात्रा को भारत में हेपेटाइटिस के उन्मूलन में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत सम्मानित किया। स्व. श्री गुरूप्रसाद महापात्रा की पत्नी, श्रीमती अंजलि महापात्रा ने स्मृति-चिह्न स्वीकार किया।

आईएलबीएस के निदेशक डॉ. एस.के.सरीन ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

***सेमिनार में उपस्थित विशिष्टजनों ने हेपेटाइटिस के विरुद्ध भारत की लड़ाई में सहयोग करने और हेपेटाइटिस के रोगियों से भेदभाव न करने का प्रण लिया।**

सेमिनार में उपस्थित विशिष्टजनों ने हेपेटाइटिस के विरुद्ध भारत की लड़ाई में सहयोग करने और हेपेटाइटिस के रोगियों से भेदभाव न करने का प्रण लिया।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया।

इस सेमिनार का आयोजन लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बाइलरी साइंसेज (आईएलबीएस) के सहयोग से किया गया।